वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 59 | मंगलवार 27 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# दूदू के साथ जयपुर ग्रामीण हो सकता है नया जिला

## विधायकों ने सीएम से कहा-जबरदस्ती किसी इलाके को दूदू में नहीं धकेला जाए



जयपुर. कासं

नए जिलों पर उठे विवाद को देखते हुए सीएम अशोक गहलोत ने जयपुर जिले के कांग्रेस विधायकों और मंत्रियों को विश्वास में लेने के लिए सोमवार को सीएम हाउस में लंबी बैठक की। दूदू में जयपुर के आसपास का कोई क्षेत्र शामिल होने को तैयार नहीं है। सीएम के साथ बैठक में जयपुर जिले के विधायकों और मंत्रियों ने यह भी सुझाव दिया कि जयपुर देहात (ग्रामीण) के नाम पर आपत्ति नहीं होगी। बैठक में गहलोत ने दूदू के साथ जयपुर देहात जिला बनाने के फॉर्मूले पर अपनी सहमति दे दी है। इसके बारे में अंतिम फैसला जल्द होने की संभावना है। दूदू जिले में सांभर, फुलेरा और जोबनेर को शामिल करने का विरोध बढ़ने के बाद 25 जून को भारी बवाल हो गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था। इस बवाल के बाद सीएम ने सोमवार को जयपुर जिले के विधायकों को सीएम हाउस बुलाया। बैठक में गहलोत ने यह आश्वासन दिया कि जबरदस्ती किसी क्षेत्र को दूदू में शामिल नहीं किया जाएगा। लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा।

### दूदू में जाने को लोग तैयार नहीं हैं, चुनावों में नुकसान होगा

बैठक में दूदू जिले को लेकर उठे विवाद पर मंत्री और विधायकों ने सीएम से खुलकर कहा- इस मामले में जनभावना पूरी तरह खिलाफ है। बगरू, जोबनेर, फुलेरा, सांभर क्षेत्र के लोग दूदू में जाने को तैयार नहीं हैं। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बैठक में सीएम से साफ कहा कि जोबनेर से लेकर आसपास के लोग जयपुर से अलग नहीं होना चाहते हैं। यहां के लोग जयपुर जिले में ही रहना चाहते हैं, हमें जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए। सांभर-फुलेरा की जिले की मांग भी पुरानी है, इन लोगों की बात सुनने की जगह दूदू में जबरदस्ती शामिल करने से आक्रोश है। इस मामले को जल्द नहीं सुलझाया तो नुकसान होगा। बैठक में जयपुर शहर के विधायकों ने एक सुर में सीएम से कहा कि राजधानी के टुकड़े नहीं होने चाहिए। दूदू जिले में शामिल करने का विरोध कर रहे इलाकों के विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोकसभा क्षेत्र की तर्ज पर ही जयपुर ग्रामीण और जयपुर शहर जिले बनाने का सुझाव दिया है। बैठक में भी यह सुझाव दिया गया कि इन इलाकों के लोग जयपुर के नाम से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। विधायकों का यह भी सुझाव था कि जयपुर शहर क्षेत्र को जयपुर जिला और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर जिले का नाम जयपुर ग्रामीण कर दिया जाता है तो लोग तैयार हो जाएंगे। दूदू को अलग जिला रहने दिया जाए और बस्सी, चाकसू, जमवारामगढ़, सांभर, फुलेरा और जोबनेर को मिलाकर जयपुर ग्रामीण जिला बनाया जा सकता है।

### खाचरियावास बोले-जबरदस्ती दूदू में नहीं धकेला जाएगा

खाचरियावास बोले- जनभावनाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। जिले पर विवाद है तो बातचीत कर समाधान कर दिया जाएगा। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज के 250 वार्डों का क्षेत्र एक रहेगा। राजधानी के टुकड़े नहीं होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा, अगर लोग दूदू में शामिल नहीं होना चाहते तो जबरदस्ती नहीं धकेला जाएगा। जयपुर के सभी वार्डों को भी एक रखा जाएगा, जयपुर को लेकर विवाद नहीं है। जयपुर के टुकड़े नहीं होंगे। सीएम से आज साफ कहा है। जनभावनाओं का सम्मान होगा। बेवजह जनता से टकराव करके नए जिलों में इलाके शामिल नहीं होंगे। मंत्री लालचंद कटारिया और बाकी विधायकों ने भी अपनी बात रखी है।



### विधायक सोलंकी बोले-चाकसू का एक भी गांव दूदू में नहीं जाएगा

चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा- मुख्यमंत्री से जिलों के विवाद पर बात हुई है, सब समाधान हो जाएगा। सीएम खुद बयान देंगे। सीएम हमारी मांगों और सुझावों पर सकारात्मक है। इसलिए अब नाराजगी जैसी बात नहीं है। मैंने साफ कहा है कि चाकसू विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव दूदू में नहीं जाना चाहिए। माधोराजपुरा के लोग दूदू में शामिल कराने की कोशिश के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। चाकसू क्षेत्र का एक भी गांव दूदू में नहीं जाना चाहिए। दूदू को अकेले जिला या राज्य जो भी बनाना है बना दीजिए। सोलंकी ने कहा- सीएम ने हमारे सुझावों पर सकारात्मक रुख दिखाया है। एक-दो दिन में समाधान हो जाएगा। जयपुर शहर और जयपुर देहात जिले करने पर भी चर्चा हुई है।

# मुनि पूंगव श्री सुधासागर जी के सान्निध्य में ज्ञानतीर्थ में होगा महामस्तकाभिषेक





**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। जैन संत मुनिपुंगव सुधासागर महाराज का ज्ञानतीर्थ में प्रथमवार भव्य मंगल आगमन हुआ। संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज का मंगल विहार झांसी से आगरा की ओर चल रहा है। भीषण गर्मी व उमस होने के बावजूद भी मुनिश्री प्रतिदिन 20 किलोमीटर प्रतिदिन पद विहार कर रहे हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि पूज्य मुनिश्री का 2023 का पावन वर्षायोग ताज नगरी आगरा में हो सकता है। निर्यापक श्रमण, मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने बानमोर से ज्ञानतीर्थ के लिए पद बिहार किया। मुरैना जैन समाज एवम ज्ञानतीर्थ परिवार ने बैरियर चौराहे पर पहूंचकर पूज्य मुनिराज की भव्य अगवानी की। समाज के श्रेष्ठिगणों ने पूज्य मुनिराज के पाद प्रक्षालन करते हुए आरती उतारकर श्रीफल अर्पित किया। बैरियर चौराहे से गाजेबाजों के साथ एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा के रूप में पूज्य को ज्ञानतीर्थ ले जाया गया। शोभायात्रा में गुरुभक्तों का विशाल जनसमुदाय जिनेन्द्र प्रभु की जय जयकार करता हुआ चल रहा था। पूज्य सुधासागर जी महाराज का ज्ञानतीर्थ पर प्रथमवार आगमन हो रहा है। शाम को ज्ञानतीर्थ में विश्व प्रसिद्ध जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के तहत पूज्य गुरुदेव ने जिज्ञासुओं की शंकाओं का समाधान किया। आज प्रातः पूज्यश्री के सान्निध्य में ज्ञानतीर्थ पर मुलनायक बड़े वावा श्री 1008 आदिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक होगा। प्रातः 08.30 बजे महाराज श्री के मंगल प्रवचन एवम आहारचर्या ज्ञानतीर्थ पर ही सम्पन्न होगी। आज सामायिक के पश्चात दोपहर के समय ज्ञानतीर्थ से आगरा की ओर विहार होगा। ज्ञानतीर्थ परिवार एवम मुरैना जैन समाज ने साधर्मी बंधुओं से निवेदन किया है कि सपरिवार, इष्टमित्रों सहित उपस्थित होकर इन ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनकर पुण्यार्जन किया।



# धूमधाम से मनाया भगवान वैकुंठनाथ का पाटोत्सव

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री नीलकंठ महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में कीर्ति नगर टोंक रोड स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान बैकुंठ नाथ जी व नीलकंठ महादेव जी का पंचम पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओपी गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर सुबह भगवान का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक करवा कर नई पोशाक धारण करवाई गई। विशेष पूजा अर्चना के बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ महिलाओं द्वारा किया गया। सांयकाल 101 दीपको से सामूहिक आरती की गई इसके पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के महामंत्री गोविंद शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव में वार्ड पार्षद श्री रमेश जी सैनी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया। गणमान्य व्यक्तियों में रामेश्वर जी गुप्ताए रामचरण जी गुप्ताए सुभाष गुप्ताए राम चरण गुप्ता रोडवेजए बाबूलाल गर्ग ठेकेदारए बालकिशन जी बागला भी उपस्थित रहे।

## बल्लारी की भूमिका गोठी के मुमुक्षु बनने पर डॉ मुनिश्री के सानिध्य में आयोजित हुआ आध्यात्मिक मंगल भावना समारोह



**सूरत. शाबाश इंडिया।** युगप्रधान, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी , मुनि आदित्य कुमारजी ठाणा 2 के पावन सानिध्य में टापरा निवासी बल्लारी प्रवासी रावतमल गोठी की पौत्री प्रवीण संगीता गोठी की सुपुत्री भूमिका गोठी के पारमार्थिक शिक्षण संस्था में मुमुक्षु बनाने के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक मंगल भावना समारोह का आयोजन पैराडाइज अपार्टमेंट में हुआ। इस अवसर पर डॉ मुनि श्री पुलकित कुमारजी ने फरमाया भारतीय संस्कृति में संयम का विशेष महत्व है भूमिका गोठी आसक्ति से अनासक्ति की तरफ आगे बढ़ रही हैं भिक्षुशासन में साधनारत होने जा रही हैं। संयम की ओर अग्रसर हो रही है यह दृढ़ मनोबल के बिना असंभव होता है। भूमिका छोटे परिवार से बड़े परिवार में सम्मिलित होने जा रही हैं। तेरापंथ में दीक्षित होने का मतलब है सेल्फ कंट्रोल सेल्फ डिसीप्लिन को सीखना। कर्नाटक बेल्लारी से पहली बार कोई मुमुक्षु बन रहा है यह भी अपने आप में ऐतिहासिक अवसर है। आध्यात्मिक मंगल भावना कार्यक्रम का शुभारंभ मुनिश्री के द्वारा णमोकार महामंत्र उच्चारण से हुआ। मंगलाचरण हैप्पी बाफना अणुव्रत समिति के अध्यक्ष पारसमल खिमेसरा तेयुप अध्यक्ष पंकज छाजेड़ तेरापंथ सभा से कमल छाजेड़ बसंत छाजेड़ चंद्रकांता खिमेसरा जीनल कोठारी युक्ति चोपड़ा लिखित गोठी उत्तर कर्नाटक ज्ञानशाला से शर्मिला छाजेड़ आदि ने मंगल भावना गीत एवं वक्तव्य के द्वारा प्रस्तुत की। मुमुक्षु बहन का परिचय यशोदा कोठारी ने तथा भूमिका के माता-पिता संगीता एवं प्रवीण गोठी ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। तेरापंथ महिला मंडल ने देवा म्हे मंगल कामना गीतिका के द्वारा तथा कन्या मंडल ने नाटिका के द्वारा आध्यात्मिक मंगल कामना की। स्कूल प्रिंसिपल अनिल सर ने होनहार स्टूडेंट के संबंध में भाव व्यक्त किये। महिला मंडल द्वारा भूमिका का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष प्रवीणा लुणावत ने किया। कार्यक्रम में तेरापंथ के अलावा जैन समाज के अनेक श्रावक श्राविका उपस्थित थे।

# सितषाढ अष्टमी चूरे... जैन मंदिरों में गूंजे भगवान नेमिनाथ के जयकारे

### भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए तथा निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार प्रातः मंत्रोच्चार से भगवान नेमिनाथ के जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक किये गए। तत्पश्चात विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव मनाया गया जिसमें निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन पश्चात मोक्ष कल्याणक का श्लोक सितषाढ अष्टमी चूरे। चारों अघातिया कूरे। शिव उर्ज्जयंततें पाई। हम पूजें ध्यान लगाई का उच्चारण करते हुए मोक्ष कल्याणक अर्घ्य एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ। अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा में आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में, अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मालवीय नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 3 में महेन्द्र साह आबूजीवाले, लल्लू लाल बैनाडा,प्रेम चंद बैनाडा आदि के नेतृत्व में निवाणोत्सव मनाया गया। तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आमेर के श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सावलां जी, मंगलम आनन्दा के श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, सांगानेर के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# महासती मंडल का महावीर भवन में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्या राजस्थान सिंहनी महाश्रमणी गुरुमाता महासती श्री पुष्पवती जी म. सा.( माताजी म.सा. ), परम पूज्या उपप्रवर्तिनी मरुधरा शिरोमणि सद्गुरुवर्या महासती डॉ.श्री राजमती जी म. सा. आदि ठाणा 7 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश दिनांक 26 जून को पोरवाल भवन, गौरी विहार से किरणपथ, मानसरोवर (जयपुर) स्थित महावीर भवन में हुआ। मंगल प्रवेश एक भव्य जुलूस के रूप में पोरवाल भवन से प्रारंभ होकर महावीर भवन पहुंचा। करीब दो किलोमीटर की यात्रा के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालु जयघोष का नारा लगाते हुए चल रहे थे। जिसमें श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था, श्राविका मंडल, युवा प्रकोष्ठ के सदस्य और जयपुर के विभिन्न उपनगरों और जयपुर के बाहर (मदनगंज किशनगढ़, ब्यावर, मकराना, सवाई माधोपुर, अलीगढ़ रामपुरा, जोधपुर आदि शहरों) से आए लोग सम्मिलित थे। जुलूस महावीर भवन पहुंचकर एक धर्मसभा में परिवर्तित हो गया, जहां पूज्या महासतियां जी म. सा. ने बताया कि चातुर्मास जीवन को संयमित और संतुलित बनाकर आत्मा का उद्धार करने का अवसर प्रदान करता है। पूज्या महासती डा. राजीमती जी महाराज साहब ने श्रद्धालुओं को चातुर्मास के दौरान ज्यादा से ज्यादा धर्म ध्यान और त्याग तपस्या करने तथा बत्तीस आगमों की वाचनी में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की प्रेरणा दी।



## वेद ज्ञान

### सतगुरु परमात्मा ही हैं सर्वशक्तिमान

एक गुरु शास्त्रों के अध्ययन एवं तपस्या द्वारा प्राप्त अपने ज्ञान खजानों से शिष्यों का पालन करता है, जिसके फलस्वरूप शिष्य फिर उन्हें अपने हृदय में उच्चतम स्थान देते हैं। गुरु का स्थान ब्रह्मा से भी ऊपर होता है। सदियों से हमारे शिक्षा पाठ्यक्रम का एक हिस्सा रहा है और आज भी है। बचपन में, हम में से अधिकांश लोग इस मंत्र को प्रार्थना के रूप में सर्वोच्च सत्ता परमात्मा, जो हम सभी आत्माओं के सतगुरु हैं, से आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु गाते थे। भारत देश में गुरु करने की परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है। हिंदू समाज में तो ऐसी मान्यता है कि जिस व्यक्ति ने अपने जीवनकाल में गुरु नहीं किया, उसका जीवन निरर्थक है। जन्म के समय से ही, बच्चे को अपने पारिवारिक गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए ले जाया जाता है और फिर जब वह बड़ा होकर अपनी पढ़ाई, कारोबार एवं वैवाहिक जीवन की शुरूआत करता है, तब भी वह अपने गुरु की सलाह और उनके आशीर्वाद की उम्मीद रखता है। यह वास्तव में काफी श्रद्धामय परंपरा है, जो दोनों पक्षों को पारस्परिक रूप से सुरक्षा की भावना प्रदान करती है। एक गुरु शास्त्रों के अध्ययन एवं तपस्या द्वारा प्राप्त अपने ज्ञान खजानों से शिष्यों का पालन करता है, जिसके फलस्वरूप शिष्य फिर उन्हें अपने हृदय में उच्चतम सन्मान का स्थान देते हैं। मगर, गुरु-शिष्य के बीच का यह सौहार्दपूर्ण संबंध तब अवास्तविक बन जाता है, जब गुरु सर्व शक्तिमान परमात्मा का स्थान लेने की शुरूआत कर देता है। इन हालातों में यह अत्यंत जरूरी हो जाता है कि हम गुरु एवं सतगुरु के बीच की जो भेद रेखा है, उसका बारीकी से अध्ययन करें। हमें यह तथ्य समझना होगा की सभी धर्मों के संस्थापकों ने अपने धार्मिक उपदेशों में कई बार यह उल्लेख किया था कि वे भगवान नहीं हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से आज अधिकांश धार्मिक अनुयायी अपने धर्म पिता एवं गुरुओं को भगवान समझकर ही पूजते हैं इसलिए इस तरह की भ्रामक स्थिति से खुद को बचाने के लिए हमें सर्वप्रथम गुरु के कार्यों को समझने की आवश्यकता है ताकि हम खुद को एवं हमारे जैसी अन्य प्रभु स्नेही आत्माओं को मुक्ति का सच्चा रास्ता बता सकें और सर्वशक्तिमान परमात्मा के साथ समन्वय स्थापित करने में उनका मार्गदर्शन कर सकें।

## संपादकीय

# हर किसी को चाहिए अब भारत का साथ

भारत इस समय ऐतिहासिक अमृतकाल में है। उसकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। विश्व का हर बड़ा देश और उनका खेमा उसे अपने साथ देखना चाहता है। नई आर्थिक और सामरिक महाशक्ति बनकर उभरा चीन शीतयुद्ध के बाद बनी एकध्रुवीय दुनिया में अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देकर पूरे एशिया में अपना वर्चस्व बढ़ाना चाहता है। इसलिए अमेरिका और उसके मित्र देश जापान और आस्ट्रेलिया आदि चाहते हैं कि भारत चीनी विस्तारवाद को रोकने में उनका साथ दे। चीन चाहता है कि भारत अमेरिका की गुटबाजी से दूर रहे और एशिया को अमेरिकी वर्चस्व से मुक्त कराने में उसका और रूस का साथ दे। यूरोप चाहता है कि भारत यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा करे और रूस के विरुद्ध आर्थिक एवं कूटनीतिक लामबंदी में उसका साथ दे। दक्षिणी गोलार्ध के देश चाहते हैं कि भारत उत्तरी गोलार्ध के देशों से जलवायु न्याय दिलाने में उनका साथ दे। अपने-



अपने हितों के लिए भारत की इस समय सबको जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा इसी अनुकूल ग्रहयोग में हो रही है। यह उनकी पहली राजकीय यात्रा है। अमेरिका की राजकीय यात्रा का न्योता राष्ट्रपति के विशेष आग्रह पर और अमेरिका के बहुत ही अंतरंग एवं संधिमित्र देशों के राष्ट्राध्यक्षों को ही दिया जाता है। मोदी की यात्रा को राजकीय यात्रा का सम्मान देना संकेत देता है कि राष्ट्रपति बाइडन यूक्रेन पर रूसी हमले के विरोध में साथ न देने जैसी बातों को भुलाकर व्यापक सामरिक एवं आर्थिक हितों को देखते हुए संबंधों को और प्रगाढ़ करना चाहते हैं। अमेरिका चीन का जोखिम कम करने के लिए भारत की मदद चाहता है। अमेरिका ने चीन को दुनिया की फैक्ट्री बनाकर एक ऐसा भस्मासुर तैयार कर लिया है, जिसके हाथों में ऐसी सप्लाई चेन है जिसके जरिये पूरी दुनिया में तैयार माल जाता है। कोविड महामारी के लाकडाउन और यूक्रेन युद्ध से साबित हुआ कि सप्लाई चेन का चालू रहना कितना जरूरी है और एक ही सप्लाई चेन पर निर्भरता कितनी खतरनाक होती है। इसलिए अमेरिका और यूरोप हिंदचीनी देशों और भारत को सप्लाई चेन का विकल्प बनाना चाहते हैं। वियतनाम जैसे हिंदचीनी देशों में चीन जैसी तानाशाही है और वे बहुत छोटे भी हैं, तो इसके लिए भारत को चुना जा रहा है। अमेरिका-यूरोप के नेता अब अपनी कंपनियों को चीन छोड़ने के बजाय चीन के अतिरिक्त एक और देश में कारोबार की सलाह दे रहे हैं, जिसका अर्थ है भारत। भारत के पास ऐसे प्रशिक्षित लोगों की बड़ी संख्या है, जो अमेरिका-यूरोप की बड़ी-बड़ी कंपनियों को चलाती है। चीन दुनिया की फैक्ट्री है तो भारत उसका डिजाइनर और संचालन केंद्र, जिसके सहारे दुनिया चलती है। इसलिए भारत को सप्लाई चेन बनने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए, बशर्ते उसकी राज्य सरकारें अपने यहां निवेश एवं उद्यम को प्रोत्साहित करने वाला माहौल बना सकें। भारत को जरूरत है तकनीकी सामरिक शक्ति और टोही क्षमता बढ़ाने की, ताकि वह चीन की विस्तारवादी हरकतों पर अंकुश लगा सके।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# एकता की तलाश

भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने का दम भर रहे विपक्षी दलों की पटना में जो बैठक हुई, वह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी। इस बैठक में इतना ही तय हुआ कि सभी दल मिलकर आम चुनाव लड़ेंगे, लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह साझा प्रेस कांफ्रेंस से दूर रही, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि विपक्षी एकता की राह आसान नहीं। आम आदमी पार्टी की ओर से यह भी कह दिया गया कि आगे विपक्षी एकता की जिस बैठक में कांग्रेस शामिल होगी, उसमें वह शामिल नहीं होगी। आगे जो भी हो, आम आदमी पार्टी विपक्षी एकता के लिए कोई बहुत अधिक इच्छुक नहीं। इसका कारण यह है कि दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने और राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने के उपरांत उसे लग रहा है कि वह कांग्रेस का स्थान ले सकती है। वह उसके ही जनाधार में सेंध लगा रही है। फिलहाल उसकी प्रथामिकता मात्र इतनी है कि दिल्ली सरकार की सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार जो अध्यादेश लेकर आई है, उसका कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल विरोध करें। कांग्रेस के लिए ऐसा करना आसान नहीं, क्योंकि आम आदमी पार्टी दिल्ली, पंजाब समेत अन्य राज्यों में उसकी ही जड़ें काट रही है। जैसी प्राथमिकता उसकी है, वैसी ही कुछ अन्य दलों की भी। ममता बनर्जी भी समय-समय पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करती रही हैं। उन्हें यह रास नहीं आ रहा कि कांग्रेस बंगाल में वाम दलों के साथ रहे। कुछ अन्य क्षेत्रीय दल भी यह चाह रहे हैं कि कांग्रेस उनके राज्य से या तो दूर रहे या फिर कम से कम सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़े। यह कांग्रेस को शायद ही स्वीकार हो? विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि उनकी अगली बैठक शिमला में होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा? यह तय करना आसान नहीं, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को यह लग रहा है कि वह अपना खोया हुआ जनाधार फिर से हासिल कर रही है। विपक्षी एकता की यह पहली ऐसी कोशिश है, जिसमें क्षेत्रीय दल अपने साथ खड़े होने वाले राष्ट्रीय दल यानी कांग्रेस की कुबार्नी चाहते हैं। वे विपक्षी एकता की कमान अपने हाथ में केवल रखना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए और क्या नहीं? पटना में जुटे विपक्षी दल यही दोहराते रहे कि मोदी को हटाना है। आखिर यह कोई एजेंडा कैसे हो सकता है? उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं कि मोदी को हटाकर करना क्या है? विपक्षी दलों ने यह भी दोहराया कि मोदी सरकार के कारण लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जहां राहुल गांधी ने अपना यह घिसा-पिटा बयान दोहराया कि भाजपा और संघ देश की नींव पर आक्रमण कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया। कुछ इसी तरह की बातें अन्य दलों के नेताओं ने कीं। किसी ने ईडी और सीबीआइ की सक्रियता का रोना रोया तो किसी ने यह आशंका जताई कि यदि भाजपा 2024 में फिर सत्ता में आ गई तो आगे चुनाव ही नहीं होंगे यानी भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। क्या यह वही बात नहीं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत विरोधी शक्तियां कर रही हैं? भेड़िया आया-भेड़िया आया की तरह से लोकतंत्र खत्म हो जाने का जो शोर मचाया जा रहा, उसका औचित्य समझना इसलिए कठिन है, क्योंकि देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों में गैर भाजपा दल सत्ता में हैं।

# दहमी जैन मंदिर में आज से अष्टानिका की पूजा प्रारंभ, चढ़ाया निर्वान लाडु



**बगरू. शाबाश इंडिया**

आचार्य नवीन नंदी गुरुदेव के सानिंध्य में आज प्राचीन ऋषभ देव दिगंबर जैन मन्दिर दहमी कलां में समाज द्वारा श्री श्री 1008 भगवान नेमी नाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस अवसर पर पूर्ण विधि-विधान से नंदीश्वर मंडल विधान की प्रथम दिवस की पूजा हुई। कार्यक्रम में बगरू के रमेश ठोलिया, कनकमाला, मधु पाटनी,फेना पाटनी,सुनील जैन वैभव जैन ,संजय जैन आदि ने महाआराधना में सौभाग्य प्राप्त किया। यह जानकारी प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष रमेश ठोलिया ने दी ट्रस्ट के महामंत्री प्रमोद बाकलीबाल ने बताया की यहा पर आठ दिवस भगवान की महाआराधना होगी। इसमें अनेकों साधर्मी बंधु उपस्थित रहेंगें।

# आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ का वर्षायोग स्थापना 2 जुलाई को

## आर्यिका ससंघ के पावन सानिध्य में हुआ पोस्टर का विमोचन



**फागी. शाबाश इंडिया।** पांच पंचकल्याणक एवं णमोकार महामंत्र जाप्यानुष्ठान से गुंजायमान फागी की पावन धरा पर तीसरी बार परम पूज्या आर्यिका श्रुतमति माताजी, सुबोध मति माताजी ससंघ का 49 वां पावन वर्षा योग 2023 एवं मंगल कलश स्थापना 2जुलाई 2023 को हर्षोल्लास से संपन्न होगा। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन आर्यिका संघ के पावन सानिध्य पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज भव्यता के साथ हुआ ।गोधा ने अवगत कराया कि 2 जुलाई को कार्यक्रम में प्रातः पंचामृत अभिषेक शांतिधारा के बाद सोहनलाल, महावीर प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, सुकुमार झंडा ध्वजारोहण कर शुभारंभ करेंगे। त्रिलोक चंद जैन -श्रीमती मैना देवी पीपलू वाले चित्र अनावरण , श्रीमती शोभाग देवी धर्म पत्नी स्व.श्री प्रेमचंद जी, महेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार , बावडी वाले परिवार दीप प्रज्वलन करेंगे। मोहनलाल- श्रीमती संतरा देवी, कमलेश कुमार, महेश कुमार, आशुतोष झंडा परिवार ने पत्रिका पुण्यार्जक बन कर धर्म लाभ प्राप्त किया। गोधा ने अवगत कराया कि इसी कड़ी में 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा, 4 जुलाई को वीर शासन जयंती का कार्यक्रम भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रम आर्यिका स संघ के पावन सानिध्य में प्रतिष्ठा आचार्य कुमुद सोनी अजमेर के दिशानिर्देश में विभिन्न मंत्रोच्चारणों के द्वारा संगीतकार साक्षी जैन प्रताप नगर सांगानेर की स्वर लहरियों के बीच सम्पन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में समाज के कैलाश कलवाड़ा, मोहनलाल झंडा,सोहन लाल झंडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, रामेश्वर कलवाड़ा, महेंद्र बावड़ी, सत्येन्द्र कुमार झंडा, कमलेश कुमार चौधरी, विनोद कुमार कलवाड़ा, पारस मोदी , विनोद मोदी, बन्टी पहाड़िया, त्रिलोक पीपलू तथा चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल कठमाना , उपाध्यक्ष सुरेंद्र बावड़ी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार जैन मंडावरा, मंत्री मितेश लदाना उपस्थित थे। उक्त सभी कार्यक्रम सकल दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से पावन वर्षा योग समिति 2023 की अगुवाई में होंगे।

# चातुर्मास के लिए पूज्य इन्दुप्रभाजी म.सा. का रूप रजत विहार में मंगलप्रवेश बुधवार को

## श्रीसंघ ने की चातुर्मास प्रवेश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित स्थानक रूप रजत भवन में वर्ष 2023 का चातुर्मास करने जा रहे मरूधरा मणि महासाध्वी श्री जैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा., आगम मर्मज्ञ डॉ. श्रीचेतनाजी म.सा., मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा., तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा., आदर्श सेवाभावी दीप्तिप्रभाजी म.सा. एवं नवदीक्षिता हिरलप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा 6 का चातुर्मासिक मंगलप्रवेश बुधवार 28



जून को होगा। चातुर्मास आयोजक श्री अरिहन्त विकास समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सुकलेचा ने बताया कि रूप रजत विहार में भव्य गरिमापूर्ण चातुर्मासिक प्रवेश के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। चातुर्मासिक मंगल प्रवेश जुलूस बुधवार सुबह 7.15 बजे कमला विहार स्थित श्री कुंदनमल, नवरतनमल, गोविन्दसिंह, अनमोल बाफना के निवास सी-15 से शुरू होकर चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित रूप रजत विहार पहुचेंगा। यहां सुबह 9 बजे से धर्मसभा शुरू होंगी। श्रीसंघ के मंत्री सुरेन्द्र चोरड़िया ने बताया कि पूज्य रूप रजत विहार में पहली बार चातुर्मास को लेकर पूरे क्षेत्र के श्रावक समाज में उत्साह का माहौल है और चातुर्मास के दौरान जिनशासन की भावना के अनुरूप नियमित प्रवचन व विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। चातुर्मास का विधिवत आगाज 2 जुलाई से होगा। चातुर्मासिक अवधि में प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 10 बजे तक प्रवचन एवं दोपहर 2 से 3 बजे तक नवकार महामंत्र का जाप होगा। युवक मंडल के सदस्य भी चातुर्मास सफल बनाने की तैयारियों में जुटे हुए है।

# आचार्य सौरभ सागर महाराज का सोमवार को बापू नगर में हुआ मंगल प्रवेश






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज का सोमवार को बापू नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश संपन्न हुआ। इस दौरान समाज श्रेष्ठि राजीव जैन गाजियाबाद वाले, महेंद्र पाटनी,



अशोक पाटनी, मनोज झांझरी, आलोक जैन तिजारिया, राजेश बड़जात्या, बाबूलाल जैन इटुंदा चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष कमलेश जैन (बावड़ी वाले), मंत्री महेंद्र जैन पचाला वाले, मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या, कार्याध्यक्ष दुगार्लाल जैन नेता सहित बापू नगर जैन समाज, युवा मंडल, महिला मंडल की पदाधिकारियों ने आचार्य श्री की अगवानी की। प्रचार संयोजक सुनील साखुनियां ने बताया की इस वर्ष आचार्य सौरभ सागर महाराज का चातुर्मास प्रताप नगर स्थित सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में होगा, आचार्य श्री का 29 जून को प्रताप नगर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। सोमवार को बापू नगर, मंगलवार को दुगार्पुरा, बुधवार को चित्रकूट कॉलोनी, सांगानेर में प्रवेश करेंगे, गुरुवार को चित्रकूट कॉलोनी से विहार कर श्योपुर रोड़, पिंजरपोल गौशाला, हल्दीघाटी मार्ग से होते हुए प्रताप नगर सेक्टर 8 में प्रवेश करेंगे। रविवार 2 जुलाई को चातुर्मास मंगल कलश स्थापना, 3 को गुरुपूर्णिमा महोत्सव, 4 को वीर शासन जयंती आचार्य श्री के सानिध्य में मनाई जाएगी। सोमवार को आचार्य श्री ने बापू नगर में मंगल प्रवेश करने के पश्चात श्रीजी के दर्शन किए इसके उपरांत धर्मसभा का आयोजन हुआ, सभा के बाद समाजश्रेष्ठि राजीव-सीमा जैन गाजियाबाद वाले के निवास पर आचार्य श्री की आहार चर्या संपन्न हुई।



# सम्भाग के पदाधिकारीगण दहमीकलां महाराज व मन्दिर के दर्शनार्थ गये

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन समाज बापूनगर सम्भाग के पदाधिकारीगण दहमीकलां ग्राम में प्राचीन मन्दिर के दर्शनार्थ गये। वहां आचार्य श्री नवीन नन्दी जी महाराज विराज रहे है। वहां रहकर समाज के सहयोग से मन्दिर का नवीनीकरण करा रहे है। इस मन्दिर की मूलनायक प्रतिमा आदिनाथ भगवान की है। महाराज श्री ने समाज जोडकर पहली मंजिल का निर्माण करा लिया है। शिखर का निर्माण भी हो गया है। मन्दिर में वेदी भी तैयार होकर आ चुकी है। शीघ्र ही वेदी को जमाना चालू हो जायेगा। दिगम्बर जैन मन्दिर बरकत नगर के पदाधिकारीगण दहमीकलां में जाकर बरकत नगर में चातुर्मास करने के लिए निवेदन किया । महाराज श्री ने स्वीकृति प्रदान की तथा 9 जुलाई को इनका चातुर्मास बरकत नगर जैन मन्दिर मे कलश स्थापना करेगे। पदाधिकारियों ने अध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन पाटनी, मंत्री डा. राजेन्द्र कुमार जैन, संयुक्त मंत्री निर्मल कुमार संघी तथा राजेश बडजात्या कार्यकारी सदस्य व कई अन्य सदस्य भी पधारे। महाराज श्री ने आशीर्वाद प्रदान किया तथा चातुर्मास मे सहयोग प्रदान करने हेतु भी कहा।





# पंचतीर्थ जिनालय टोडरमल में धूमधाम से मनाया भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म में 22 वें तीर्थकर भगवान नेमीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याण महोत्सव सोमवार को बापू नगर के पंडित टोडरमल स्मारक भवन के पंचतीर्थ जिनालय पर धूम धाम से मनाया गया। प्रातः काल की मंगल बेला में सीमंधर जिनालय में नित्य अभिषेक के बाद पंचतीर्थ जिनालय में चारों दिशाओं में स्थित भगवान नेमीनाथ स्वामी की भव्य खडगासन प्रतिमा के अभिषेक हीरा चन्द बैद, पवन बज, नवीन जैन व एस.के.जैन ने किये। पंडित जिनेन्द्र शास्त्री के साथ में सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से निर्वाणकाण्ड भाषा का पाठ करके मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य के उच्चारण के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाया। भगवान नेमीनाथ स्वामी के जयकारों से समूचा स्मारक भवन गुंजायमान हो गया। वीतराग विज्ञान महिला मण्डल की अध्यक्ष सुशीला जैन अलवर वाली एवं कार्याध्यक्ष प्रमिला जैन के साथ महिला मण्डल की सदस्यों ने मोक्ष कल्याणक महोत्सव में बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में गांधी नगर के दिलिप जैन, सुधीर जैन, मूल चन्द छाबड़ा, बापू नगर के कैलाश बक्शी, मंयक बैद व भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संयोजक हीरा चन्द बैद के निर्देशन में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

# दिगम्बर जैन महासमिति के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष महेंद्र पाटनी विदेश रवाना

## यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांतों के साथ ही शाकाहार का प्रचार-प्रसार भी करेंगे



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महासमिति के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के राष्ट्रीय परामर्शक व दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी के मानद मंत्री महेन्द्र कुमार जैन पाटनी आज मारिसिस यात्रा पर रवाना हुए। दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री डा. राजेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि महेन्द्र कुमार जैन पाटनी मारिसिस में अपने एक माह के प्रवास के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांतों के साथ ही शाकाहार का प्रचार-प्रसार भी करेंगे। पाटनी वहां पर जैन मन्दिर की स्थापना के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ में प्रवासी जैन समाज के वरिष्ठजनों के साथ में विचार विमर्श करेंगे। इसके अलावा पाटनी मारिसिस में अनेक स्थानों पर शराब व अन्य मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध भी लोगों को जागरूक करने हेतु परामर्श देंगे।

# सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल अजमेर द्वारा लक्ष्मी पैलेस नसीराबाद में एक दिवसीय मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल द्वारा नसीराबाद के लोगों के लिए विद्यालय निदेशक राजा डी. थारवानी व संयुक्त निदेशक भूमिका थारवानी के तत्वाधान में इ. ए. टू डायरेक्टर ख्याति अरोड़ा के संयोजन से मस्ती की पाठशाला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह नसीराबाद वासियों के लिए मस्ती की पाठशाला एक पूरा पैकेज था, जिसमें मस्ती के साथ-साथ ज्ञान का भी संचार किया गया। उन्हें खेल खेल में सीखने की कला कौशल को समझाया गया और उससे संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिक संख्या में अभिभावकों व 200 से अधिक बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता मित्तल (नगर पालिका चेयरमैन) प्रदीप मित्तल( समाज सेवक) व विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र डाबी, आशीष जैन, अजय गर्ग उपस्थित रहे। ख्याति अरोड़ा ने पधारे हुए अतिथि गणों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में योग, स्केटिंग, एरोबिक्स, डांस, जुंबा, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट व सेल्फ डिफेंस आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए व उनकी उपयोगिता से अवगत कराया गया। अभिभावकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सभी अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने कार्यक्रम में भरपूर आनंद लिया व विद्यालय प्रशासन की सराहना की, धन्यवाद अर्पित किया और कार्यक्रम की पुनरावृति का अनुरोध किया। मनोरंजन के लिए कार्यक्रम में अभिभावकों व नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने प्रतियोगिता में उत्साह दिखाया और पुरस्कार प्राप्त किए। पुरस्कार पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों की तरह अभिभावक भी प्रफुल्लित हो उठे। इ.ए.टू डायरेक्टर ख्याति अरोड़ा ने सभी उपस्थित गणों का पधारने के लिए आभार व्यक्त किया और शिक्षा के क्षेत्र में सतगुरु विद्यालय के रूप में नई क्रांति लाने व नसीराबाद वासियों के बच्चों को बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के प्रयास के लिए प्रयासरत रहने का वादा किया।

# द दीवास क्लब फाउंडेशन ने पौधारोपण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कालवाड़ रोड स्थित हतोज धाम गोशाला में रविवार, 25 जून को द दीवास क्लब फाउंडेशन ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी क्लब मेम्बर्स के साथ-साथ शहर के कई लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी लोगों ने मिलकर 50 से अधिक पौधे लगाए। पौधारोपण के समय श्री श्री 1008 बालमुकुंदाचार्य जी महाराज उपस्थित रहे और उन्होंने पौधारोपण की महत्ता बताते हुए कहा कि यह एक बड़ा कदम है जो हम सभी को अपने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लेना चाहिए। फाउंडर कीर्ति शर्मा ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी लोगों को सम्मान सम्मान स्वरूप एक एक पौधा भेट में दिया और धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सोनिया मल्होत्रा, आभा छाबड़ा, अर्चना शर्मा, सुमन खुराना, रीना जैन, पवनीत कौर, हीना शर्मा, मानसी राठौड़, उषा सिंह, मनजीत अरोड़ा, ज्योति डाँगरी, गुल सजनानी, मीना मूलचंदानी, राहुल जैन और निखिल जोशी आदि उपस्थित रहे।

# गो माता को चारा व गुड का भोग लगाया




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया। ब्यावर।** महावीर इंटरनेशनल युवा की और से आज 2200 किलो चारा और 50 किलो गुड़ का भोग गौमाता को लगाया गया इस अवसर पर अध्यक्ष वीर अमित बंसल,सचिव वीर विजयराज जैन,वीर सुनील सिंहल, वीर निखिल जिंदल, वीर अनुज सिंहल, वीर पुलकित सिंहल,वीर राकेश बड़जात्या, वीर मोहित सर्राफ, वीर विष्णु सिंहल, विशेष आमन्त्रित सदस्य तनसुख जिंदल उपस्थित रहे। सेवा कार्यक्रम के दौरान वीर राकेश बड़जात्या के जन्मदिन के अवसर पर महावीर अन्नक्षेत्र बालाजी की पाल पर निर्धन व निशक्तजनों को भोजन कराया गया। जिसके दौरान वीर अमित बंसल, वीर महेंद्र रांका, वीर विजयराज जैन ,वीर राकेश बड़जात्या ,वीरा स्वेता बड़जात्या, शुभम बड़जात्या, गौरव बड़जात्या ने अपनी सेवाएं प्रदान करीं।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक–ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई–मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




सन्मति ग्रुप का हिमाचल यात्रा दल

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की दस दिवसीय हिमाचल यात्रा संपन्न

## चंडीगढ़, शिमला, कुफरी,सिलोर नारकंडा, सांगला, रक्शम, कलपा व मसोबरा की यात्रा की

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा 13 से 22 जून तक हिमाचल के दर्शनीय स्थलों की यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका ने बताया कि 13 जून को 29 सदस्यो का यात्रा दल जयपुर से रेल द्वारा रवाना होकर 14 जून को चंडीगढ़ प्रातः 6.30 बजे पहुंचे वहां पर श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचकुला में अभिषेक के पश्चात टेंपू ट्रेवलर में शिमला होते हुए सिलोर पहुंच कर रात्रि विश्राम किया। 15 जून को प्रातः नरकंडा में पहाड़ पर 11000 फिट की ऊंचाई पर स्थित माताजी के मंदिर के बारिश में भीगते हुए दर्शन कर कच्ची पक्की सड़क से रक्शम पहुंचे ।जहां पर सांगला में कामरू फोर्ट , चितकुल में इंडिया के आखरी गांव में तिब्बत बार्डर के पास बफीर्ले पहाड़, नदी, मनभावन प्रकृति को देखकर मन प्रसन्न हो गया। कार्यकारिणी सदस्य नितेश - मीनू पांड्या ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमती शिमला - विमल लुहाड़िया के जन्मदिन का केक काटा तथा उन्होंने उस दिन सभी को हाऊजी व अन्य आकर्षक खेल खिलाए तथा पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम संयोजक अनिल-ज्योति चौधरी ने बताया कि रक्शम में तीन दिन तक विश्राम कर दो दिवसीय प्रवास पर कलपा पहुंचे ।वहां के दर्शनीय बफीर्ले पहाड़ों किन्नर कैलाश आदि के मन भावन नजारों का आनंद लिया। 19 जून को प्रसिद्ध वास्तुविद दिनेश गंगवाल द्वारा सभी को ध्यान क्या हैं और उसे किस प्रकार किया जावे इस पर विस्तार से बताया तथा सभी को ध्यान करवाया। यात्रा दल 20 जून को कलपा से प्रातः रवाना होकर रामपुर लंच करने के लिए रुका तथा वहां पर ग्रुप परामर्शक दिनेश - संगीता गंगवाल की वैवाहिक वर्षगांठ का केक काट कर सेलीबेरशन किया । तत्पश्चात वहां से रवाना होकर देर रात्रि महशोबरा में रिसोर्ट पर पहुंचे ।21 जून को चंडीगढ़ से ट्रेन द्वारा रवाना होकर 22 जून को वापस जयपुर पहुंचे। ग्रुप परामर्शक दिनेश-संगीता गंगवाल ने बताया कि सभी के लिए शुद्ध खाने की व्यवस्था हेतु जयपुर से किचन वेन साथ लेकर गए थे। @... पेज 10 पर



# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की दस दिवसीय हिमाचल यात्रा संपन्न
















# अग्रसेन क्रिकेट प्रीमियर लीग-2023 का चतुर्थ संस्करण







## जूनियर व सीनियर वर्ग में खेले गए 9 मैच

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अग्र युवा शक्ति जयपुर एवं अग्रवाल शिक्षा समिति के तत्वाधान में चल रहे अग्रसेन क्रिकेट प्रीमियर लीग-2023 के चतुर्थ संस्करण में जूनियर व सीनियर वर्ग में 9 मैच खेले गए। संस्था के महामंत्री किशन अग्रवाल ने बताया कि आज खेले गए गोयल और समरायवाला आदर्श नगर व मालवीय नगर रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमे अभय मैन ऑफ द मैच रहे साथ ही बाड़ीजोड़ी वारियर्स व सिविल लाइन चैंपियंस में ''प्रशूल ने 61 रन से विद्याधर नगर को जिताया। आहेली सुपर किंग्स हवामहल व प्राइजेस ग्रुप आमेर में आमेर से अंकुश'' सर्वश्रेष्ठ रहे। कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भूतिया ने बताया स्थापत्य स्ट्राइकर झोटवाड़ा व सिविल लाइन चैंपियन में उत्सव ने 37 रन से सिविल लाइन को जीत दिलाई।दूसरा पारी में आहेली सुपर किंगस व मालवीय नगर में कनक गुप्ता ने 62 रन मालवीय नगर को जीत दिलाई। उन्होंने बताया कि आज की पवन कमल अग्रवाल ने की व विशिष्ट अतिथि आई.सी अग्रवाल, जुगल किशोर डेरेवाले, संजय अग्रवाल व पवन रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि पार्षद नीरज अग्रवाल, राजू अग्रवाल रामावतार गुप्ता, विमल अग्रवाल, महेश अग्रवाल आशीष गोयल अविनाश सिंघल, रविंद्र अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष रूप किशोर गोयल ने सभी अथितियों का आभार प्रकट किया।

## पर्यावरण जागृति रैली निकाली




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में प्रताप नगर के स्टार हॉस्पीटल में सेवा सप्ताह का शुभारंभ रविवार को निकली पर्यावरण जागृति रैली से हुआ। 'स्वस्थ जयपुर, ग्रीन जयपुर में प्रदूषण मुक्त' के तहत निकली इस रैली में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता ने बताया कि रैली स्टार हॉस्पिटल से प्रतापेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई। रैली में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली के समापन पर मंदिर में पौधे लगाए गए। इस दौरान स्टार हॉस्पीटल में आयोजित चिकित्सा शिविर में करीब 500 मरीज लाभान्वित हुए। मरीजों को पौधे मय गमले वितरित किए गए। इस मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉ.राकेश केदावत, राजकुमार अग्रवाल, कमलेश कुमार अग्रवाल, शालू अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, अनीता देवी व रवि कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।




27 जून '23




सुनील-आरती पहाड़िया

जैन सोशल ग्रुप राजधानी के संस्थापक अध्यक्ष
जैन सोशल ग्रुप नॉर्दन रीजन के पूर्व पीआरओ
श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर निर्माण नगर के पूर्व मंत्री
जैन सोशल ग्रुप केपिटल के पूर्व सयुक्त मंत्री

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक बधाई व शुभकामनाए

शुभेच्छु: अरिहंत-गुनीमां पहाड़िया, सोनाक्षी-शिखर सेठी



# भव्य जुलूस के साथ साहुकार पेठ मे साध्वी धर्मप्रभा स्नेहप्रभा का चातुर्मास मंगल प्रवेश

## तप त्याग को समर्पित करें चातुर्मासः साध्वी धर्मप्रभा



**चैन्नई. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म एवं भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के बीच हजारों श्रावक- श्राविकाओं की मौजूदगी में महासती धर्मप्रभा स्नेहप्रभा आदि ठाणा 2 का सोमवार को एस.एस. जैन भवन साहुकार पेट चैन्नई मे चातुर्मासिक प्रवेश हुआ ।तैरापथ सभा भवन से भव्य शोभा यात्रा जय जयकारों के नारों से मुख्य मार्गों को गुंजायमान करते हुये आगे बढ़ रही थी। महिला मंडल की बहने अष्ट मंगल,चवदह स्वप्न एवं कलश लिए हुये साथ- साथ चल रही थी ।सबसे आगे जैन युवा साथी मोटर साईकिल पर जैन ध्वज लिये हुये मंगल प्रवेश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान आबाल वृध्द नर नारी एवं बच्चो मे उत्साह हर्ष एवं जोश देखने लायक था। प्रवेश के प्रश्चात शोभा यात्रा धर्मसभा के रूप मे परिर्वतित हुई। एस. एस. जैन भवन साहूकार पेट श्री संघ के अध्यक्ष अजितराज कोठारी,महावीरचन्द सिसोदिया, माणकचन्द खाबिया, उत्तमचन्द श्रीश्रीमाल,एम पदमचन्द ललवानी,हस्तीमल खटोड़, सुरेशचन्द डूंगरवाल,एम पदमचंद सिंघवी, शांतिलाल दरड़ा,देवराज लुणावत, महामंत्री सज्जनराज सुराणा, अशोक कांकरिया,मोतीलाल ओस्तवाल,रमेश कुमार दरड़ा,पी महावीर कोठारी, जितेंद्र भंडारी,सुरेश कांकरिया, बादलचन्द कोठारी, भरत नाहर,शम्भू कावड़िया चातुर्मास प्रवेश के चैयरमैन मंगलचन्द खारीवाल आदि सभी पदाधिकारियों के अलावा श्री एस एस जैन संस्कार मंच,श्री दक्षिण भारत स्वाध्याय संघ,श्री एस एस जैन युवक संघ, श्री महावीर महिला युवती मंडल,श्री जय संस्कार महिला मंडल,श्री एस एस जैन संस्कार मंच महिला शाखा के साथ सभी श्रावक श्राविकाओ ने साध्वी मंडल की अगवानी करते हुये अभिनन्दन किया। समारोह के मुख्यअतिथि सुनिल खेतपालिया पप्पू सा लूणिया तथा चातुर्मास के प्रमुख लाभार्थी मोहनलाल गढ़वाणी तथा चातुर्मास प्रवेश के लाभार्थी देबीलाल रांका मरूधर केसरी दरबार के उद्घाटनकर्ता राजेन्द्र कुमार सिंघवी आदि सभी को साहूकार पेट जैन संघ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का शॉल माला मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया ।इसदौरान महासती धर्मप्रभा ने कहा की चातुर्मास मे साधना आराधना करने वाला प्राणी शास्वत सुख की प्राप्ति तो करता ही अपने जीवन का अभ्युदय करके परमात्मा को प्राप्त कर सकता है वह तभी संभव हो पाएगा जब व्यक्ति निस्वार्थ भावो से चातुर्मास मे तप त्याग के साथ धर्म आराधना मे संलग्न होकर साधना करेगा तथा चातुर्मास मे सम्प सहयोग संघठन मजबूत होगा तभी यह चातुर्मास मंगलमय व सफल बन पाएगा। साध्वी स्नेहप्रभा ने बताया कि दिनांक 2 जुलाई से चातुर्मास सभी कार्यक्रम प्रारंभ होगे। जिसमे प्रवचन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक रहेगा।

# राजस्थान मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय कार्यकारिणी की हुई बैठक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान मारवाड़ी युवा मंच की सप्तम प्रांतीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रविवार को होटल ग्रैंड सफारी में हुई। बैठक में राजस्थान की अनेक शाखाओं से पदाधिकारी आए और सभी ने जयपुर कैपिटल शाखा अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल का स्वागत किया। जयपुर मूमल अध्यक्ष सपना गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी व नई शाखाओं के नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रांतीय अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण करवाई। समापन में सचिव कविता नाटाणी ने सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक मेठी, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.काजल वर्मा, संविधान समिति के चेयरमैन केदार गुप्ता, पूर्व अध्यक्षअनूप गुप्ता, प्रांतीय रक्तदान संयोजक अभिषेक खंडेलवाल,प्रांतीय संयोजक युवा विकास राहुल रावत, प्रांतीय जीवदया संयोजक अंजू गुप्ता, नारी चेतना की प्रांतीय संयोजक प्रभा अग्रवाल की उपस्थिति रही।


# भव्य जुलूस के साथ साहुकार पेठ मे साध्वी धर्मप्रभा स्नेहप्रभा का चातुर्मास मंगल प्रवेश

## तप त्याग को समर्पित करें चातुर्मासः साध्वी धर्मप्रभा

**चैन्नई. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म एवं भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के बीच हजारों श्रावक- श्राविकाओं की मौजूदगी में महासती धर्मप्रभा स्नेहप्रभा आदि ठाणा 2 का सोमवार को एस.एस. जैन भवन साहुकार पेट चैन्नई मे चातुर्मासिक प्रवेश हुआ ।तैरापथ सभा भवन से भव्य शोभा यात्रा जय जयकारों के नारों से मुख्य मार्गों को गुंजायमान करते हुये आगे बढ़ रही थी। महिला मंडल की बहने अष्ट मंगल,चवदह स्वप्न एवं कलश लिए हुये साथ- साथ चल रही थी ।सबसे आगे जैन युवा साथी मोटर साईकिल पर जैन ध्वज लिये हुये मंगल प्रवेश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान आबाल वृध्द नर नारी एवं बच्चो मे उत्साह हर्ष एवं जोश देखने लायक था ।प्रवेश के प्रश्चात शोभा यात्रा धर्मसभा के रूप मे परिर्वतित हुई।एस. एस. जैन भवन साहूकार पेट श्री संघ के अध्यक्ष अजितराज कोठारी,महावीरचन्द सिसोदिया,माणकचन्द खाबिया, उत्तमचन्द श्रीश्रीमाल,एम पदमचन्द ललवानी,हस्तीमल खटोड़,सुरेशचन्द डूंगरवाल,एम पदमचंद सिंघवी, शांतिलाल दरड़ा,देवराज लुणावत,महामंत्री सज्जनराज सुराणा,अशोक कांकरिया, मोतीलाल ओस्तवाल,रमेश कुमार दरड़ा,पी महावीर कोठारी, जितेंद्र भंडारी,सुरेश कांकरिया, बादलचन्द कोठारी, भरत नाहर,शम्भू कावड़िया चातुर्मास प्रवेश के चैयरमैन मंगलचन्द खारीवाल आदि सभी पदाधिकारियों के अलावा श्री एस एस जैन संस्कार मंच,श्री दक्षिण भारत स्वाध्याय संघ, श्री एस एस जैन युवक संघ,श्री महावीर महिला युवती मंडल,श्री जय संस्कार महिला मंडल,श्री एस एस जैन संस्कार मंच महिला शाखा के साथ सभी श्रावक श्राविकाओ ने साध्वी मंडल की अगवानी करते हुये अभिनन्दन किया। समारोह के मुख्यअतिथि सुनिल खेतपालिया पप्पू सा लूणिया तथा चातुर्मास के प्रमुख लाभार्थी मोहनलाल गढ़वाणी तथा चातुर्मास प्रवेश के लाभार्थी देबीलाल रांका मरूधर केसरी दरबार के उद्घाटनकर्ता राजेन्द्र कुमार सिंघवी आदि सभी को साहूकार पेट जैन संघ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का शॉल माला मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया ।इसदौरान महासती धर्मप्रभा ने कहा की चातुर्मास मे साधना आराधना करने वाला प्राणी शास्वत सुख की प्राप्ति तो करता ही अपने जीवन का अभ्युदय करके परमात्मा को प्राप्त कर सकता है वह तभी संभव हो पाएगा जब व्यक्ति निस्वार्थ भावो से चातुर्मास मे तप त्याग के साथ धर्म आराधना मे संलग्न होकर साधना करेगा तथा चातुर्मास मे सम्प सहयोग संघठन मजबूत होगा तभी यह चातुर्मास मंगलमय व सफल बन पाएगा। साध्वी स्नेहप्रभा ने बताया कि दिनांक 2 जुलाई से चातुर्मास सभी कार्यक्रम प्रारंभ होगे। जिसमे प्रवचन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक रहेगा ।

# जनकपुरी में मूलनायक तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्षकल्याण पर हुआ दो दिवसीय आयोजन





## रविवार को हुई दीप अर्चना तथा सोमवार को चढ़ाया निर्वाण लड्डू

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में मूल नायक भगवान नेमिनाथ का निवाणोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ जोर शोर से मनाया गया ।प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन रविवार को निर्वाण की पूर्व संध्या पर आरती के बाद 24 तीर्थंकर की 24 दीपक से समंतभद्राचार्य रचित 143 पद्य महा अर्चना रमेश साखूनिया के निर्देशन में की गई। दूसरे दिन आषाढ़ शुक्ला अष्टमी सोमवार को प्रातः मूल नायक जैन धर्म के बाइसवें तीर्थंकर नेमिनाथ के प्रथम अभिषेक का सोभाग्य रमेश अरविंद साखूनिया परिवार को मिला ।इसके बाद अरिष्ट नेमि देवाधिदेव दिवस मनाते हुए नेमिनाथ गाथा अर्थ सहित समझायी गई। जगत शांति हेतु बीजाक्षर व रिद्धि मन्त्र युक्त वृहद् शान्ति धारा मैना सुंदर अरविन्द बेला साखूनिया परिवार द्वारा की गई । सभी द्वारा प. चीकू भैया के सानिध्य में भगवान नेमिनाथ की शान्त भाव से अष्ट द्रव्य से अर्थ समझाते हुए भक्ति के साथ पूजन की गई तथा निर्वाण काण्ड का वाचन कर खचाखच भरे मन्दिर को गुंजायमान करते जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। मुख्य वेदी पर तथा गुम्बज में खड़गाशन प्रतिमा पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सोभाग्य सनत कुमार दिलीप चाँदवाड परिवार को मिला। बाद में नेमिनाथ की आरती हुई। सभी कार्यक्रम में समाज के गण मान्य सदस्यों, प्रबन्ध समिति, महिला मण्डल व युवा मंच सहित सभी की सहभागिता रही।

# भगवान नेमीनाथ जी के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण महोत्सव मनाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरा पथ मानसरोवर जयपुर में 22वे तीर्थंकर 1008 भगवान नेमीनाथ जी के मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव पर बड़े ही भक्तिमय भाव के साथ निर्वाण लाडू पदम चंद छाबड़ा एवम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष जैन, शांति, देवेंद्र, ब्रह्मचारी डी आर जैन, पंकज एवम समाज के श्रेष्ठि गणों द्वारा चढ़ाया गया।

# भगवान नेमी नाथ जी का मोक्ष कल्याण दिवस मानसरोवर में मनाया गया

## अजीत अंजू जैन इड्डू वालों ने पोत्र वंश के जन्मदिन पर स्वर्ण छत्र अर्पित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ मानसरोवर द्वारा श्री श्री 1008 भगवान नेमी नाथ जी के मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के श्रीमान अजीत अंजू जैन, मनीष प्रेरणा जैन, ऋषभ मोनिका जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रचार संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्ण विधि-विधान से भगवान नेमी नाथ जी के निर्माण महोत्सव के अवसर पर लाडू अर्पित किया गया इस अवसर पर भगवान महावीर के श्री चरणों में श्रीमान अजीत जी श्रीमती अंजू जी जैन द्वारा स्वर्ण छत्र अर्पित किया गया कार्यक्रम में जे के जैन, हेमेंद्र सेठी, विनेश सोगानी, बिरेश जैन टीटी, जैनेन्द्र पाटनी, एडवोकेट भागचंद जैन, अजीत जैन, मनीष जैन, ऋषभ जैन अरविंद गंगवाल, शरद बाकलीवाल, मनीष जैन, सहित अनेकों साधर्मी बंधु उपस्थित रहे।

# भव्य जुलूस के साथ हुआ साध्वी उमराव कंवर डॉ प्रीतीसुधा का चातुर्मास मंगल-प्रवेश

## चातुर्मास मे साधना आराधना करने से मानव अपने जीवन का उत्थान का मार्ग प्राप्त कर सकता है: साध्वी डॉक्टर प्रीतीसुधा





**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर स्वामी के जय घोष के नारो के साथ हुआ महासती उमराव कंवर डॉ प्रितीसुधा, मधूसुधा साध्वी संयमसुधा आदि ठाणा 4 का सोमवार को चातुमार्सिक प्रवेश हुआ। शास्त्रीनगर मे बाबेल भवन से भव्य शोभायात्रा जय जयकारो के नारो मुख्य मार्गों से गुजायमान करते हुये अहिंसा भवन शास्त्री नगर पहुची वहा पर श्रावक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल संरक्षक मीठ्ठालाल सिंघवी हेमन्त आंचलिया पूर्व अध्यक्ष अशोक पोखरना तथा संघ के मंत्री रिखबचंद पीपाड़ा,संदीप छाजेड़, सुशील चपलोत,कुशलसिंह बूलिया व शांति भवन के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ मंत्री राजेन्द्र सुराणा, समाजसेवी दिनेश संचेती, राजेन्द्र सुकलेंचा महावीर नवयुवक मंडल के अध्यक्ष पुखराज चौधरी मंत्री प्रदीप पारख,भूपेन्द्र सिंह पंगारिया तथा पूर्व सभापति मंजू पोखरना चंदनबाला महिला मंडल अध्यक्षा नीता बाबेल संरक्षिका मंजु बाफना, सुशीला छाजेड़, संजूलता बाबेल, उमा आँचलिया संतोष सिंघवी, सुनीता सुकलेचा, सुनीता बोर्दिया, स्नेहलता चौधरी, लाड़ मेहता आदि पदाधिकारियों ओर हजारों श्रावक-श्राविकाओं की मोजूदगी और महासती इन्दुप्रभा डॉक्टर दर्शनप्रभा आदि कि उपस्थित मे महासती उमराव कंवर प्रितीसुधा आदि की अगवानी के साथ सभी ने साध्वी मंडद का अभिनन्दन किया।इस दौरान डॉक्टर प्रिती सुधा ने चातुर्मास प्रवेश समारोह मे आये सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुये कहा कि चातुर्मास तभी सार्थक हो सकता है जब आप तप त्याग के साथ जीवन मे धर्म का समावेश करके जीनवाणी को सुनकर भीतर मे उतारलेगे तो परिवार समाज एकता सूत्र बंधकर राष्ट्र का उत्थान कर पायेंगे। इस दौरान पाली जौधपुर, सोजत, अजमेर चितौड़गढ़, डूगला तथा चैन्नई बैगलोर हैदराबाद आदि क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने चातुर्मास प्रवेश भाग लिया। दिनांक 1 जुलाई से तेले तप की तपस्या का आयोजन रखा गया है तथा चातुर्मास मे नियमित प्रवचन प्रात 9 बजे से 10:30 बजे तक व धार्मिक प्रतियोगिता दोहर 3 बजे से प्रारंभ होगी।

## 22वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर नेमीनाथ जी (सावंला जी) आमेर, जयपुर मे 22वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस परम पूज्य 108 उपाध्याय श्री उर्जयन्त सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मूलनायक 1008श्री नेमीनाथ भगवान जी का अभिषेक तथा शांति धारा के उपरांत पूजा अर्चना के साथ निर्वाणकाण्ड भाषा बोलकर मोक्षकल्याणक का निर्वाण लाडू व अर्घ चढ़ाये गये। कार्यक्रम में पूज्य उपाध्यायश्री संकटहरण पार्श्वनाथ मंदिर आमेर से बैण्ड वाजे के साथ जुलूस के रूप में सावंलाजी मंदिर पहुचे। प्रवेश द्वार पर अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, कोषाध्यक्ष विवेक काला व अन्य साधर्मी लोगों ने उपाध्याय श्री का पाद प्रक्षालन कर आरती की। इस अवसर पर नेमीनाथ साँवलाजी (आमेर)ट्रस्ट एवं अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सदस्य एन.के.सेठी, प्रदीप कुमार जैन, रूपिन काला, क्षेत्र के अन्य मन्दिरान समिति के सदस्य योगेश टोडरका, प्रदीप ठोलिया, सुरेश जैन (बांदीकुई) सहित राजेंद्र पापडीवाल, दौलत जैन, धनु कुमार जैन, गजेन्द्र बोहरा, कमल डंडियां, मनोज पापडीवाल ,प्रमोद बाकलीवाल, कमल पंसारी, अरुण जैन, संजय जैन, एवं काफी संख्या में साधर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री दिगंबर जैन मंदिर नेमीनाथ जी (सांवला जी) आमेर के प्रबंधकर्ता, प्रबन्ध कारिणी कमेटी दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी है।



